**संख्या-73/2018/3213/33-3-2018-231/2017**

**प्रेषक,**

**अनूप चन्द्र पाण्डेय,**

मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

1- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

2- मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उत्तर प्रदेश।

3- समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वच्छता समिति, उत्तर प्रदेश।

**पंचायती राज अनुभाग-3** **लखनऊः दिनांकः 11 सितम्बर, 2018**

**विषयः-**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत दिनांक 15 सितम्बर, 2018 से 02 अक्टूबर, 2018 तक ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान संचालित किये जाने के संबंध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक श्री परमेश्वरन अय्यर, सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या-2/2/S(DWS)/18, दिनांक 29 अगस्त, 2018 एवं श्री अक्षय राउत, महानिदेशक, स्वच्छ भारत मिशन के पत्र संख्या- AR/DG/SP/126/2018, दिनांक 01 सितम्बर, 2018 के क्रम में अवगत कराया गया है कि गत वर्ष की भाँति मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ''स्वच्छता ही सेवा-2018'' अभियान का शुभारम्भ दिनांक 15 सितम्बर, 2018 को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से देश के चिन्हित 20 स्थानों पर प्रभावशाली व्यक्तियों एवं जनता से संवाद के माध्यम से किया जायेगा। यह अभियान दिनांक 02 अक्टूबर, 2018 तक चलेगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान काल में प्रदेश, मण्डल, जनपद, विकास खंड एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता को जन-आन्दोलन बनाये जाने हेतु वृहद् स्तर पर प्रयास किये जायें। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का उद्देश्य गांधी जी की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर गांधी जी के स्वच्छता के सपने को साकार कर प्रदेश को खुले में शौच मुक्त करना है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता हेतु वृहद स्तर पर, जागरूकता एवं सहभागिता से सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि पर वृहद् साफ़-सफाई कराई जाएगी। अभियान के अंतर्गत रैली, पैदल यात्रा, नुक्कड़-नाटक, स्वच्छता रथ, इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया जाये। उक्त अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किये जाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का विवरण संलग्न है। (संलग्नक-क)

http://shasnadeshup.nic.in

इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न समस्त गतिविधियों को राज्य स्तर/जनपद स्तर/ग्राम पंचायतों में संचालित करने हेतु अपने स्तर पर सभी सम्बन्धित विभागों की बैठक दिनांक 15 सितम्बर, 2018 के पूर्व करके सभी कार्यक्रम संचालित कराने एवं कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत कराई गई समस्त गतिविधियों की संकलित रिपोर्ट 05 अक्टूबर, 2018 तक राज्य स्वच्छता मिशन को ईमेल आई0डी0-sbmgup2018@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। उक्त आयोजन में होने वाले व्यय का भुगतान विभाग वार उक्त मद में उपलब्ध धनराशि से किया जायेगा तथा पंचायतीराज विभाग द्वारा की जाने वाली गतिविधियों का व्यय स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद में उपलब्ध आई0ई0सी0 मद में उपलब्ध धनराशि से किया जायेगा।

**<u>संलग्नक:-यथोक्त।</u>**

भवदीय,

**( अनूप चन्द्र पाण्डेय )**

मुख्य सचिव।

<u>संख्या व दिनांक:- तदैव।</u>

प्रतिलिपि:- निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

2- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0 प्र0 शासन।

3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/बेसिक शिक्षा/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

4- महानिदेशक, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (RDSO) लखनऊ/ महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली, उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर।

5- स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

6- स्टाफ ऑफिसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।

7- निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तर प्रदेश।

8- निदेशक, पंचायती राज/सूचना एवं जनसम्पर्क/बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0।

9- आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उ0प्र0 कानपुर।

10- निबंधक, सहाकारी समितियां, उ0प्र0।

11- महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक विकास दल, उ0प्र0

12- उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र।

13- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम, उ0प्र0।

14- गार्ड फाइल।

http://shasnadeshup.nic.in

आज्ञा से,

**( राजेन्द्र कुमार तिवारी )**

अपर मुख्य सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in

संलग्नक:-क

''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान में की जाने वाली गतिविधियों का विवरण-

1- राज्य स्तर पर संचालित की जाने वाली गतिविधियाँ

| क्र0 | गतिविधियाँ | तिथि | उत्तरदायी संस्था/विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रदेश के चिन्हित गाँव में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान का राज्य स्तरीय शुभारम्भ एवं श्रमदान। | 15 सितम्बर, 2018 | राज्य स्वच्छता मिशन एवं जिलाधिकारी फतेहपुर |
| 2 | मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा मा0 प्रधानमंत्री जी से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद स्थापित करना। | 15 सितम्बर, 2018 | राज्य स्वच्छता मिशन/ एन0आई0सी0/ जिलाधिकारी, फतेहपुर |
| 3 | रेडियो जिंगल्स के माध्यम से रेडियो स्पॉट प्रसारित करना। | 15 सितम्बर, 2018 | राज्य स्वच्छता मिशन |

2- जनपद स्तर पर संचालित की जाने वाली गतिविधियाँ-

| क्र0 | गतिविधियां | तिथि | उत्तरदायी संस्था/विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | समस्त जनपद मुख्यालयों में दिनांक 15 सितम्बर, 2018 को स्वच्छता ही सेवा अभियान स्वच्छाग्रहियों एवं ग्राम प्रधानों की जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना।<br>जनपद स्तरीय अधिकारियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के दृष्टिगत विकास खण्डों का प्रभारी बनाकर अभियान के क्रियाकलापों को क्रियान्वित कराना। | 15 सितम्बर, 2018 | सम्बंधित जिला स्वच्छता समिति |
| 2 | पंचायती राज संस्थाओं द्वारा स्वच्छता सभा का आयोजन तथा स्वच्छता के | 16 सितम्बर, 2018 | सम्बंधित जिला स्वच्छता समिति |

http://shasnadeshup.nic.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| | लिए श्रम दान। | | |
| 3 | राज्य के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्वच्छता श्रमदान। | 17 सितम्बर, 2018 | सम्बंधित जिला स्वच्छता समिति |
| 4 | जनपद के चयनित 10 ब्रांड एम्बेसडर के साथ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को प्रचारित किये जाने हेतु परिचर्चा। | 17 सितम्बर, 2018 | जिलाधिकारी, जिला स्वच्छता समिति एवं 10 ब्रांड एम्बेसडर |
| 5 | खुले में शौचमुक्त ग्रामों का सत्यापन। | 18-19 सितम्बर, 2018 | जिलाधिकारी द्वारा गठित टीमों द्वारा |
| 6 | शौचालयों का स्थलीय सत्यापन। | 20 सितम्बर, 2018 | जिलाधिकारी द्वारा जिला स्तर पर नामित अधिकारियों द्वारा |
| 7 | रेलवे के माध्यम से किए जाने वाले स्वच्छता सम्बन्धी विभिन्न क्रियाकलाप। | 22 सितम्बर, 2018 | रेलवे विभाग |
| 8 | कॉर्पोरेट एवं विभिन्न कंपनियों की कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उनके माध्यम से उनके कार्यक्षेत्र के पास श्रमदान, वृक्षारोपण, इत्यादि करना। | 24 सितम्बर, 2018 | जिला उद्योग केन्द्र एवं सम्बंधित जिला स्वच्छता समिति |
| 9 | स्वच्छाग्रहियों के स्वच्छाग्रही: एक से अनेक दिवस-प्रत्येक स्वच्छाग्रही द्वारा न्यूनतम 100 अथवा उससे अधिक समुदाय के सदस्यों को उनके अपने गांव में स्वच्छता श्रमदान हेतु प्रेरित करना। | 25 सितम्बर, 2018 | सम्बंधित जिला स्वच्छता समिति |
| 10 | हथकरघा उद्योग एवं सहकारी बैंकों के माध्यम से जिला स्तरीय अस्पतालों में वृहद स्वच्छता अभियान का संचालन। | 29 सितम्बर, 2018 | हथरघा विभाग, सहकारी बैंक एवं सम्बंधित जिला स्वच्छता समिति |
| 11 | खंड स्तरीय चित्रकला, वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन। | 1 अक्टूबर, 2018 | सम्बंधित जिला स्वच्छता समिति |
| 12 | 1- जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर चित्रकला, वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत | 2 अक्टूबर, 2018 | सम्बंधित जिला स्वच्छता समिति |

http://shasnadeshup.nic.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| | करना।<br>2- राष्ट्रपिता गाँधी जी की जयंती पर जिला स्तरीय गोष्ठी।<br>3- ग्रामों को ओ0डी0एफ0 घोषित किया जाना।<br>4- स्वच्छता ही सेवा अभियान काल में किये कार्यों पर चर्चा। | | |

3- ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित की जाने वाली गतिविधियाँ-

| क्र0 | गतिविधियां | तिथि | उत्तरदायी संस्था/विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज संस्थाओं द्वारा स्वच्छता सभा/ग्राम सभा की खुली बैठक का आयोजन किया जाये, जिसमें ग्रामों को ओ0डी0एफ0 बनाये जाने का निर्णय लिया जाये तथा जो ग्राम पूर्व में ओ0डी0एफ0 हो चुके हों उनके ओ0डी0एफ0 स्तर को बनाये रखे जाने हेतु रणनीति बनायी जाये। | 16 सितम्बर, 2018 | ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव |
| 2 | सी.एल.टी.एस. विधा सम्बन्धी क्रियाकलाप। | 17 सितम्बर, 2018 | जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा गठित टीमों द्वारा |
| 3 | ग्राम पंचायत के समस्त विद्यालयों में बाल मंत्रिमंडल का गठन एवं गठित बाल मंत्रिमंडलों की सक्रियता हेतु बाल मंत्रिमंडलों की बैठक का आयोजन करना। | 19 सितम्बर, 2018 | बेसिक शिक्षा विभाग एवं पंचायतीराज विभाग |
| 4 | ग्राम पंचायत के समस्त विद्यालयों में स्वच्छता एवं ओ0डी0एफ0 विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करना। | 20 सितम्बर, 2018 | बेसिक शिक्षा विभाग एवं पंचायतीराज विभाग |
| 5 | ग्राम पंचायत के समस्त विद्यालयों में स्वच्छता एवं ओ0डी0एफ0 विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करना। | 21 सितम्बर, 2018 | बेसिक शिक्षा विभाग एवं पंचायतीराज विभाग |

http://shasnadeshup.nic.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | ग्राम पंचायत के समस्त विद्यालयों में स्वच्छता एवं ओ0डी0एफ0 विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं रैली का आयोजन करना। | 24 सितम्बर, 2018 | बेसिक शिक्षा विभाग एवं पंचायतीराज विभाग |
| 7 | स्वच्छाग्रहियों के स्वच्छाग्रही: एक से अनेक दिवस-प्रत्येक स्वच्छताग्रही द्वारा न्यूनतम 100 अथवा उससे अधिक समुदाय के सदस्यों को उनके अपने गांव में स्वच्छता श्रमदान हेतु प्रेरित करना। | 25 सितम्बर, 2018 | पंचायतीराज विभाग |
| 8 | गाँव में खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करना। | 28 सितम्बर, 2018 | पी0आर0डी0 |
| 9 | हरकरघा उद्योग एवं सहकारी बैंकों के माध्यम से जिला स्तरीय अस्पतालों में वृहद् स्वच्छता अभियान का संचालन। | 29 सितम्बर, 2018 | हथकरघा विभाग एवं सहकारी बैंक |

(प्रवीण कुमार लक्षकार)
विशेष सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in